PG ODD SEMESTER (NEP) EXAMINATION, 2022

HINDI
1st Semester

COURSE NO. HINCC – 502

(Aadikaleen Kavya)

Full Marks : 70
Pass Marks : 28

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए - 7x2=14

क. मट्टी माणी कुस लई पढ़ण्त ।
घरहि बइसी अग्गि हुणन्तँ ।
कज्जे बिरहिअ हुअवह होमें ।
अक्खि डहाविअ कड्डुएँ धुमें ।

ख. गोरष कहै सुनहु रे अवधू, जग में ऐसें रहणां ।
आषे देषिबा, कांनें षुनिबा, मुष तें कछु न कहणां ।।
मूरिष सभा न बैसिबा अवधू, पंडित सौं न करिब बादं ।
राजा संग्रामें झूझ न करिबा हेलै न खोइबा नादं ।।

ग. मनहु कला ससिभान । कला सोलह सो बन्निय ।।
बाल बैस ससिता समीप । अम्रित रस पिन्निय ।।

विगसि कमल ध्रिग भमर । बैन षंजन मृग लुट्टिय ।।
हीर कीर अरु बिम्ब । मोती नष सिष अहि घुट्टिय ।।

घ. प्रथमहिं सुन्दर कुटिल कटाक्ष ।
जिबि जोखि नागर देअ दस लाख ।।
केओ देस हास सुधा सम नीक ।
जइसन परहोंक तइसन बीक ।।

ङ. लुके लुके इक तिरिया आई।
जो कुछ उसने करी कमाई।
गर तू चाहे अपनी गत।
पिया को हरगिज़ छोड़े मत।।

2. आदिकालीन काव्य की प्रवृतियों का उल्लेख कीजिए । 14

अथवा

सरहपा के काव्य की मुख्य संवेदना क्या है, विचार कीजिए ।

3. गोरखनाथ की भक्ति भावना पर विचार कीजिए । 14

अथवा

पठित दोहों के आधार पर गोरखनाथ की कविताओं के उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए ।

4. पठित रचनाओं के आधार पर विद्यापति के साहित्य की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 14

अथवा

विद्यापति आदिकालीन प्रेम एवं श्रृँगार के कवि हैं, समझाईए।

5. अमीर खुसरो की साहित्यिक विविधता पर विचार कीजिए । 14

अथवा

चन्दबरदाई रचित पृथ्वीराज रासो के पद्मावती समय खण्ड की समीक्षा कीजिए ।

★★★